E-mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

सं0 सं0 : 03 / 04–भू0अ0नि0 (संविदा आरोप) बाँका–02 / 2024..1527..**पटना, दिनांक** : 08/05/2026

आदेश

बन्दोबस्त पदाधिकारी, बाँका का पत्रांक 1054 दिनांक 12.07.2025 द्वारा श्री मो0 तनवीर आलम (AEN11167), विशेष सर्वेक्षण अमीन के विरुद्ध दिनांक 20.05.2025 से लगातार अनाधिकृत अनुपस्थित रहने का आरोप प्रतिवेदित करते हुए नियोजन मुक्त करने की अनुशंसा की गयी है।

प्राप्त अनुशंसा / प्रतिवेदित आरोप के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 4515 दिनांक 18.08.2025 द्वारा श्री मो0 तनवीर आलम से स्पष्टीकरण की माँग की गयी है। इनके द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण पर निदेशालय के पत्रांक 7607 दिनांक 24.12.2025 द्वारा बन्दोबस्त पदाधिकारी से मंतव्य की मांग की गयी है। तदोपरान्त बन्दोबस्त पदाधिकारी के पत्रांक 31 दिनांक 06.01.2026 द्वारा मंतव्य उपलब्ध कराया गया है।

बन्दोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त मंतव्य में "दिनांक 20.05.2025 से लगातार अनाधिकृत अनुपस्थित रहने पर श्री आलम द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण प्रत्युत्तर में अपनी गंभीर स्वास्थ्य समस्या का उल्लेख किया गया है, जबकि इस संबंध में कार्यालय को कोई सूचना नहीं दी गई है। फलतः स्पष्टीकरण प्रत्युत्तर अस्वीकृत करते हुए सेवा से मुक्त करने की अनुशंसा की गयी है।"

सभी अभिलेखों के अवलोकन से स्पष्ट है कि विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम एक समयबद्ध कार्यक्रम है, जिसे निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण किया जाना है। इनका इतनी लम्बी अवधि से अनुपस्थित रहने से इन्हें आवंटित कार्य बाधित हुआ है। इनका आचरण स्वच्छ संविदा कर्मी के सर्वथा प्रतिकूल है। इस परिपेक्ष्य में इनका संविदा समाप्त किया जाना समीचीन है।

अतः बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियामवली, 2019 के तहत नियोजित कर्मियों के अवकाश संबंधी प्रावधानित नियम के कंडिका 07 के आलोक में इनका स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाये जाने तथा बन्दोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त मंतव्य से सहमत होते हुए "बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियामवली, 2019 यथा संशोधित नियमावली, 2022" की कंडिका–08 (4) के तहत तत्काल प्रभाव से श्री मो0 तनवीर आलम (AEN11167), विशेष सर्वेक्षण अमीन बन्दोबस्त कार्यालय, बाँका का संविदा नियोजन समाप्त किया जाता है।

Suharsh 08/05/26
(सुहर्ष भगत)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03 / 04–भू0अ0नि0 (संविदा आरोप) बाँका–02 / 2024..1527..**पटना, दिनांक** : 08/05/2026

प्रतिलिपि : मो0 तनवीर आलम (AEN11167), विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, बाँका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Suharsh 08/05/26
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

C:\Users\acer\Desktop\Oder diss.doc

ज्ञापांक : 03 / 04–भू0अ0नि0 (संविदा आरोप) बाँका–02 / 2024.1527.........**पटना, दिनांक** : 08/05/2026

प्रतिलिपि : बन्दोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, बाँका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Subhash 08/05/26
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03 / 04–भू0अ0नि0 (संविदा आरोप) बाँका–02 / 2024.1527.........**पटना, दिनांक** : 08/05/2026

प्रतिलिपि : श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं इसकी स्कैन कॉपी R2R सॉफ्टवेयर के अन्तर्गत संबंधित कर्मी की व्यक्तिगत संचिका में संधारित करने हेतु प्रेषित।

Subhash 08/05/26
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप